जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर

क्रं0/जीविवि/परीक्षा-2/गोपनीय/ 2013/2159 दिनांक : 18/12.13

अति-आवश्यक

तुरन्त कार्यवाही हेतु

प्रति,

प्राचार्य / प्राचार्या,
समस्त महाविद्यालय,
सम्बद्ध जीवाजी विश्वविद्यालय,
ग्वालियर

विषयः स्नातक **B.Sc.,B.Com,B.A.,B.H.Sc. Vth Sem. Nov., 2013** के आंतरिक मूल्यांकन,प्रायोगिक परीक्षा के अंक दिनांक 24.12.13 तक अनिवार्य रूप से वि.वि. में जमा करने बावत.

सदंर्भः-क्रं0/जीविवि/परीक्षा-2/गोपनीय/ 2035, दिनांक : 22.11.13

महोदय,

उपरोक्त विषयान्तर्गत लेख है कि म0प्र0शासन, उच्च शिक्षा विभाग के निर्देशानुसार पंचम सेमे0,का परीक्षा परिणाम अतिशीघ्र घोषित किया जाना है. आपको पुनः निर्देशित किया जाता है कि आप आपके महा0 के स्नातक पंचम सेमे0 के सभी छात्र-छात्राओं के **आंतरिक मूल्यांकन,प्रायोगिक परीक्षा के अंक** निर्धारित दिनांक 24.12.13 तक अनिवार्य रूप से ऑनलाईन अपडेट कर वि0वि0 में जमा कराये.

उक्त तिथि के पश्चात् किसी भी प्रकार के आंतरिक मूल्यांकन एवं प्रायोगिक परीक्षा के अंक स्वीकार नही किये जायेगें, जिसका सम्पूर्ण दायित्व आपके महाविद्यालय का होगा.

आप यह भी सुनिश्चत करें, कि आपके द्वारा वि0वि0 को एक प्रमाण पत्र ई-मेल द्वारा इस आशय का प्रेषित कर दिया गया है कि किसी भी छात्र के आंतरिक मूल्यांकन एवं प्रायोगिक परीक्षा के अंक अपडेट करना शेष नही है, एवं सभी छात्रों के अंक वि0वि0 में भेज दिये गये है.

वि0वि0 द्वारा आपको यह निर्देशित किया जाता है कि छात्रों के आंतरिक मूल्यांकन एवं प्रायोगिक परीक्षा के अंक जो वि0वि0 को प्रेषित किये गये हैं, उनमें भविष्य में किसी भी प्रकार का परिवर्तन एवं संशोधन स्वीकार नही किया जावेगा.

अतः, पूर्ण सावधानी रखते हुये आंतरिक मूल्यांकन एवं प्रायोगिक परीक्षा के अंक वेवसाईड पर अपडेट कर इनकी अपडेट कापी वि0वि0 में निर्धारित तिथि में अनिवार्य रूप से प्रेषित करें.

आशा है कि परीक्षा अत्यावश्यक में आपका सहयोग अपेक्षित है.

विशेष नोटः-

आपको यह भी सूचित किया जाता है कि सभी कक्षाओं के प्रायोगिक परीक्षा के अंको की सूची जिस पर आंतरिक एवं बाह्य परीक्षक दोनों के हस्ताक्षर है की मूलप्रति वि0वि0 में जमा करें.

C Shinde

परीक्षा नियंत्रक

प्रतिलिपि :-

1. आयुक्त, उच्च शिक्षा विभाग,म0प्र0शासन, भोपाल
2. कुलपति जी के सचिव, जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।
3. कुलसचिव के निजी सहायक,जीवाजी विश्वविद्यालय, ग्वालियर।

उप-कुलसचिव(गोपनीय)